पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

विश्व रक्तदान दिवस पर बड़ी प्रतिभागिता करें प्रदेश के विश्वविद्यालय

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 12 जून, 2023

प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन से प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों से ऑनलाइन जुड़कर विभिन्न मुद्दों पर समीक्षा की।

उन्होंने आगामी 14 जून, 2023 को विश्व रक्तदान दिवस पर विश्वविद्यालयों द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी ली और इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ बड़े स्तर पर प्रतिभागिता करने को कहा। राज्यपाल जी ने रक्तदान के साथ विश्वविद्यालय स्तर पर प्लेटलेट्स दान हेतु दानदाताओं की सूची बनाने का निर्देश भी दिया, जिससे किसी भी आकास्मिक स्थिति में प्लेटलेट्स भी उपलब्ध कराकर मरीज की जीवन रक्षा की जा सके।

डॉ0 सीमा गुप्ता,
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361